सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 271 इंदौर, शनिवार 13 अप्रैल, 2024 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



'प्यार मिले मैया का जिसको,
उसे कुछ भी नहीं जरूरत है'
'स्नेह लुटाती है जननी,
माँ ममता की मूरत है'
!! सृष्टि की प्रसूता देवी स्कन्दमाता की जय !!

## Headline

1. US: इस्राइल-ईरान में जंग के खतरे के बीच अमेरिका ने भूमध्य सागर में तैनात किया युद्धपोत
2. US: 'इस्राइल पर जल्द से जल्द हमला कर सकता है ईरान', अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने किया अलर्ट
3. पाकिस्तान में फिर सेना vs पुलिस: सैन्यकर्मी पर छापेमारी से नाराज जवानों ने थाना घेरा, पुलिसवालों को बंधक बनाया
4. Amroha: कुत्तों ने सात साल की बच्ची पर किया हमला, आधे घंटे तक नोचते रहे... अस्पताल पहुंचे तो तोड़ दिया दम
5. Tamil Nadu: चुनावी रैली के बीच कोयंबटूर में मिठाई की दुकान पहुंचे राहुल गांधी, खरीदे गुलाब जामुन
6. Interview: सीएम हिमंत बिस्व सरमा बोले- चुनाव बाद असम में बहु विवाह पर लगेगा प्रतिबंध, UCC भी करेंगे लागू




# धड़ल्ले से उत्खनन...

## कलेक्टर के आदेश की धज्जियां !



DGR विशेष @ घनश्याम परमार

**उज्जैन** । उज्जैन जिला कलेक्टर ने हालेड मशीन से जिले के किसी भी ग्रामीण क्षेत्रों में बोरिंग मशीन से जमीन से पानी निकालने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। जिले की खाचरोद तहसील की अनुविभागीय अधिकारी नेहा साहू ने किसी भी ग्रामीण क्षेत्रों के हल्का पटवारी और ग्रामीण क्षेत्रों के कोटवारो की मिटीग लेकर ग्राम पंचायतों में बोरिंग मशीन से कहीं भी नलकूप खनन होता है तो सतर्कता रखनी होगी लेकिन इस प्रकार की कोई सूचना ना तो ग्रामीण जनों को है और ना ही बोरिंग मशीन संचालक को इसका परिणाम है कि ग्राम पंचायत गिनदवानिया में धड़ल्ले से उत्खनन हों रहा है और प्रशासन को खबर ही नहीं है। मतलब साफ है कलेक्टर के आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ती दिखाई देती है और एस डी एम कोई कार्यवाही नहीं कर सकती हैं। वैसे भी खाचरोद तहसील कार्यालय में एस डी एम के प्रति किसानो और आम जनता में गुस्सा है क्योंकि यहां कई मामले लंबित पड़े हैं।

# एक क्लिक पर दिखेगी प्रापर्टी के 30 साल की जानकारी

## इंदौर के पांच लाख मैन्युअल रजिस्ट्री का रिकार्ड डिजिटल होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में यदि आप कहीं भी प्लाट, घर, जमीन आदि प्रापर्टी खरीद रहे हैं और आपके मन में काई संदेह है, तो रिकार्ड जांच करके इसे दूर कर सकते हैं। दरअसल जल्द प्रापर्टी की आनलाइन खोज 18 वर्ष की जगह 30 वर्ष तक की जा रही है। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद प्रापर्टी की लिंक रजिस्ट्री रखने की जरूरत भी लोगों को नहीं होगी। एक प्रापर्टी को 20 वर्ष में कब, किसने और कितनी बार खरीदा-बेचा इसकी जानकारी भी आनलाइन देख सकेंगे। मैन्युअल रजिस्ट्री का रिकार्ड डिजिटल व्यवस्था लागू होते ही इंदौर के पांच लाख रिकार्ड डिजीटल हो जाएंगे।**

पंजीयन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभी तक प्रापर्टी की आनलाइन खोज वर्ष 2005 से 2023 तक की उपलब्ध है। इसके पहले की मैन्युअल खोज वर्ष 1994 तक की हो जाती है, लेकिन इसे भी आनलाइन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक लोगों को प्रापर्टी का पता करने के लिए 12 दफ्तर स्थित जिला पंजीयन विभाग के रिकार्ड रूम में जाना पड़ता था। यहां पर जिस वर्ष की प्रापर्टी खोजना है। उसके लिए 50 रुपये चुकाना पड़ता है। नई व्यवस्था में लोग घर बैठे अपने सिस्टम पर प्रापर्टी की रिपोर्ट हासिल कर सकेंगे। जिसका 50 रुपये शुल्क लगेगा।

### 2015 से शुरू हुई हैं ई-रजिस्ट्री

जानकारी के अनुसार वर्ष 2000 से 2015 तक की मैन्युअल रजिस्ट्री को डिजिटल किया जा रहा है। अगस्त 2015 से प्रदेश में ई-रजिस्ट्री की सुविधा शुरू हुई थी। अब 2015 से पहले की मैन्युअल रजिस्ट्री के दस्तावेज भी डिजिटाइज कर रहे हैं। भोपाल के चार लाख, इंदौर के पांच लाख, ग्वालियर के दो लाख, जबलपुर के दो लाख मैन्युअल रजिस्ट्री का रिकार्ड डिजिटल किया जा रहा है। पहली बार वर्ष 1908 में रजिस्ट्रेशन एक्ट बना था, तब से रजिस्ट्री हो रही है।

### ई-रजिस्ट्री से कम हुई धोखाधड़ी

अगस्त 2015 से मैन्युअल रजिस्ट्री को बंद करने के बाद संपदा साफ्टवेयर की मदद से ई-रजिस्ट्री के लिए सर्विस प्रोवाइडर स्लाट बुक कर रजिस्ट्री करते हैं। नई व्यवस्था से प्रापर्टी की रजिस्ट्री में धोखाधड़ी कम हो गई है। लोगों के समय की बचत हो रही है। जबकि पहले लोगों को रजिस्ट्री कराने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता था। विभाग की योजना है कि सन 1990 तक का रिकार्ड धीरे-धीरे डिजिटल कर दिया जाए।

अभिनेत्री प्राची देसाई बोली-

# इंदौर के लोगों से बहुत प्यार मिलता है

## मैं इस शहर को अच्छे से देखना चाहती हूं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जब मैं टेलीविजन की दुनिया में आई तब मेरी उम्र 17 वर्ष थी। इसके दो वर्ष बाद ही मुझे फिल्म राक आन में कार्य करने का मौका मिल गया था। महज दो वर्ष के अनुभव में ही फिल्म मिलना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण था। एक तो मेरा टीवी शो बहुत लोकप्रिय हो गया था और दूसरा जिस फिल्म में कार्य करना था, उसमें कई दिग्गज कलाकार शामिल थे। फिल्म में किरदार के अनुरूप मुझे तैयारी करने का वक्त ही नहीं मिला। पर यह अच्छी बात थी कि मुझे निर्देशक ने साथी कलाकारों से दूर ही रखा था, क्योंकि फिल्म में मुझे जो सरप्राइज एक्सप्रेशन देना था वह इसी कवायद से संभव हो पाया।

किरदार और फिल्म को लेकर मैं नर्वस और चिंतित दोनों ही थी। नर्वस और चिंतित इसलिए थी कि टेलीविजन के बाद दर्शक मुझे फिल्म में किस तरह अपनाएंगे। अपने किरदार को लेकर भी चिंता थी। पर शुरू से ही यह तय कर लिया था कि रोल वही करना है जिसका समाज पर बुरा प्रभाव नहीं पड़े। इसलिए मैं कभी उन उत्पाद का भी विज्ञापन नहीं करना चाहूंगी जो समाज के लिए हानिकारक हों। यह कहना है ख्यात अभिनेत्री प्राची देसाई का। प्राची अपनी वेब सीरीज साइलेंस-2 के प्रमोशन के लिए इंदौर आईं थी।



### मुझे कैमरे फेस करना भी नहीं आता था

इंदौर की तारीफ करते हुए प्राची ने कहा कि यहां आने पर बहुत खुशी होती है, क्योंकि इंदौर के लोगों से बहुत प्यार मिलता है। मैं इस शहर को अच्छे से देखना चाहती हूं, यहां घूमना चाहती हूं। मीडिया से हुई चर्चा में प्राची ने करियर की शुरुआत से लेकर अपनी ख्वाहिशों तक का पिटारा खोल दिया। उन्होंने कहा कि जब टेलीविजन की दुनिया में आई थी तब तो कैमरा फेस करना भी नहीं आता था। दो वर्षों ने मुझे बहुत कुछ सिखा दिया और 19 वर्ष की उम्र में फिल्म भी मिल गई। यूं तो टेलीविजन और फिल्म में बहुत अंतर है, लेकिन समानता यही है कि दोनों ही जगह कलाकार को अपनी शत प्रतिशत प्रस्तुति देनी होती है। टीवी से पहचान मिली और फिल्म से हर बार नया कार्य करने का अनुभव मिला।

### उम्र के हिसाब से थी तब पसंद-नापसंद

प्राची कहती हैं कि अपने किरदार को लेकर मैं बहुत संजीदा हूं। हर किरदार के लिए मैं हां नहीं करती। पसंद-नापसंद उम्र के अनुरूप बदल गई। जब मैं फिल्म में आई थी तब उम्र कम थी और अब उम्र के साथ परिपक्वता भी आ गई है। इसलिए अब किरदार चुनने का दायरा बदल गया है। मैं कल्पना चावला, जयपुर की महारानी गायत्री देवी पर बनी फिल्म में उनका किरदार निभाना चाहती हूं। वे न भी हों तो काल विशेष पर बनी फिल्म करना है, क्योंकि 60-70 के दशक में तो मैं थी नहीं, इसलिए उस दौर को जीना चाहती हूं। जहां तक इस वेब सीरीज में निभाए गए किरदार की बात है तो अभिनय खत्म होने के बाद उस किरदार से निकलना बहुत मुश्किल होता है। यही कला सीखने की जरूरत होती है।

# जेलों में आर्ट आफ लिविंग के प्रशिक्षकों ने कैदियों को सिखाई जीने की कला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश सरकार के जेल एवं सुधारात्मक सेवा विभाग ने कैदियों के मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक सुधार की दिशा में आर्ट आफ लिविंग के साथ मिलकर पहल की। प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी के निर्देशन में प्रदेश की भोपाल, जबलपुर, नर्मदापुरम, रीवा, नरसिंहपुर और रतलाम की केंद्रीय जेलों में कैदियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। ये कार्यक्रम इन सभी जेलों में आगामी एक वर्ष तक जारी रहेंगे। कैदी इनके माध्यम से सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम, योग और ध्यान के माध्यम से तनावमुक्त हो सकेंगे।**

प्रदेश की केंद्रीय जेलों में 2 से 9 अप्रैल तक इस कार्यक्रम का पहला चरण आयोजित किया गया। इसे 22 बैचों में आयोजित किया गया था। इसमें 800 कैदियों ने प्राणायाम, योग, ध्यान और सुदर्शन क्रिया का अनुभव किया। आर्ट आफ लिविंग के 36 प्रशिक्षकों ने कैदियों को तनावमुक्त और हिंसामुक्त रहने का प्रशिक्षण दिया। आयोजन में महिला तथा पुरुष दोनों कैदी शामिल हुए। गौरतलब है कि अब तक इस कार्यक्रम से विश्व के 65 से अधिक देशों के लाखों कैदियों ने तनावमुक्ति, आघात राहत, नकारात्मक और आपराधिक प्रवृत्तियों से निकलने और अपनी रचनात्मक क्षमता के सकारात्मक प्रयोग की कला सिखाई जा चुकी है। कार्यक्रम का अगला सत्र 18 मई से होगा।

कटाक्ष




# ज़ोडियाक ने 2024 पोसिटानो प्योर लिनेन कलेक्शन किया पेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ज़ोडियाक लिनेन कपड़ा बुनाई में उपयोग किए जाने वाले सबसे पुराने फाइबर्स में से एक है। सन के पौधे के तने से बुने गए इस फाइबर को दुनिया के सबसे मजबूत प्राकृतिक फाइबर के रूप में पहचाना जाता है। लिनेन के कपड़े की बुनाई शरीर में हवा के स्वतंत्र आवागमन को सुनिश्चित करती है, जिससे यह गर्मियों के लिए एक आइडल गारमेंट बन जाता है।**

ज़ोडियाक लिनेन शर्ट हर बार धोने और पहनने के साथ अधिक आरामदायक हो जाती है। वास्तव में कृत्रिम, नेचुरली रिंकल्ड केवल



आपके ग्रीष्मकालीन लुक की सुंदरता को बढ़ाते हैं। इस लॉन्च के बारे में जेडसीसीएल के वाइस चेयरमैन और एमडी सलमान नूरानी ने कहा कि, ज़ोडियाक के 2024 पॉसिटानो कलेक्शन में शर्ट के रंग फ्रेंच फ्लैक्स से बुने हुए लिनेन फैब्रिक में इटैलियन रिवेरा के रंगों को दर्शाते हैं। इस कलेक्शन का कलर पैलेट इटैलियन रिवेरा पर अमाल्फी तट स्थित एक अनूठे शहर पोसिटानो के मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य को दर्शाता है। बेज, गुलाबी, पीले और टेराकोटा के घर, जो पहाड़ियों के किनारे से क्रिस्टल नीले भूमध्यसागरीय पानी तक गिरते हैं, वे शॉर्ट और लॉन्ग दोनों आस्तीन में सॉलिड लाइन और चेक की विस्तृत रेंज में उपलब्ध हैं।बहुत ही सुंदर पहनावे के लिए इसे ज़ोडियाक लिनेन जैकेट, ट्राउजर और बंद गले के साथ एक जोड़ कहा जा सकता है।

## 24 लाख बिजली बिलों पर मतदाता जागरूकता संदेश

**इंदौर**। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भी भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता के लिए भूमिका का निर्वहन कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि अप्रैल पहले सप्ताह से बिजली बिल पर मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। यह कार्य मई पहले सप्ताह तक बनने वाले बिजली बिल पर जारी रहेगा, इस दौरान कंपनी क्षेत्र में करीब 56 लाख बिजली बिलों पर मतदान का संदेश दिया जाएगा। बिलों पर आयोग द्वारा निर्धारित चुनाव का पर्व देश का गर्व नारा भी दिखाई देगा। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि इस संबंध में कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की टीम ने तैयारी की हैं। इंदौर महानगर से लेकर महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान की सीमा के गांवों के बिजली उपभोक्ताओं को भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया जाएगा। उज्जैन जिले के करीब 5.50 लाख बिजली बिल पर संदेश दिखेगा। उज्जैन रतलाम, मंदसौर, नीमच, आगर , शाजापुर, देवास जिलों में कुल 24 लाख बिलों से संदेश देंगे।

# ऑनलाइन क्रिकेट मैच का सट्टा पकड़ा

### वेबसाइट से आईडी बनाकर तीन युवक कर रहे थे बुकिंग

**इंदौर। वेबसाइट से आईडी बनाकर मोबाइल और लैपटॉप के जरिए क्रिकेट का ऑनलाइन सट्?टा संचालित करते तीन लोगों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से करोड़ों रुपए का लेनदेन का हिसाब मिला है। मामले में केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।**

अन्नपूर्णा क्षेत्र के पार्श्वनाथ नगर में क्रिकेट मैच का सट्टा संचालित होने की सूचना मुखबिर से पुलिस को मिली। क्राइम ब्रांच और अन्नपूर्णा थाना पुलिस द्वारा दबिश देते हुए मकान में तीन लोगों को मोबाइल व लैपटॉप के माध्यम से क्रिकेट मैच का सट्टा संचालित करते पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अनिल वाधवानी निवासी कुंजवन कॉलोनी केसर बाग रोड, पवन महाजन निवासी मानवता नगर कनाडिया रोड, शुभम मुनावत निवासी ग्राम बापिया थाना महिदपुर जिला उज्जैन बताया।

आरोपी मोबाइल व लैपटॉप में इंटरनेट से आईडी बनाकर क्रिकेट मैच का सट्टा खिलवाते थे। सिमकार्ड आरोपियों ने खुद के और अन्य साथियों के नाम से लिया है। आरोपियों के कब्जे से 7 मोबाईल, 1 लैपटॉप, 1 कीबोर्ड, 1 माउस लैपटॉप चार्जर, 2द्धद्धद्ध, नकदी और करोड़ों रुपये के लेनदेन का हिसाब-किताब पुलिस ने बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ थाना अन्नपूर्णा में पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट 1976 में केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# चोरों ने उड़ाए दो लैपटॉप और 5 मोबाइल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दो अलग-अलग जगहों में चोरी की वारदात हुई है। बदमाशों ने लैपटॉप और मोबाइल चुरा ले गए। मामले में पुलिस ने शिकायत के बाद केस दर्ज किया है। राऊ थाना पुलिस ने फरियादी सच्चिदानंद दास 24 साल निवासी शिवमंदिर के सामने रेलवे स्टेशन रोड राऊ की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

फरियादी ने बताया कि हमारा और हमारे दोस्त का मोबाइल और लैपटॉप आरोपियों ने कमरे में से चुरा ले गए हैं। कमरे का दरवाजा खुला था और फरियादी सहित उसके अन्य दोस्तों के 5 मोबाइल रखे थे। सभी चोरी हो गए।

इसी तरह तेजाजी नगर थाना पुलिस के मुताबिक फरियादी सहज शर्मा निवासी ब्रजनयनी कालोनी लिम्बोदी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी सहज का एचपी कंपनी का लैपटाप व पर्स को कोई अज्ञात बदमाश घर से चुरा कर ले गया।

# नशे के लिए करते थे लूट

### दो बदमाश गिरफ्तार, छह मोबाइल, बाइक जब्त

**इंदौर। खजराना पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है जो ड्रग्स की आपूर्ति के लिए राहगिरों से लूटपाट करते थे। आरोपितों से पुलिस ने छह मोबाइल फोन और एक बाइक जब्त की है। आरोपित कई लोगों से फोन लूटना कबूल रहे हैं।**

जोन-2 के डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा के मुताबिक, आरोपितों की बाइक (एमपी 09क्यूएच 2078) की जानकारी लगी थी। इसी बाइक से राहगिरों से फोन लूटे जा रहे थे। पुलिस ने शुरुआत में संदेही मनोज पुत्र मन्नू ओसवाल को हिरासत में लिया तो बताया बाइक स्टार चौराहा के पास है और आरोपित अशफाक लूट के लिए खड़ा है। टीम ने शुक्रवार को असफाक पुत्र आसिफ अली निवासी इलियास कालोनी खजराना को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने कई लोगों से फोन लूटना कबूल कर लिया।

आरोपितों ने बताया कि ड्रग्स का नशा करते हैं। नशे की आपूर्ति के लिए ही लोगों से फोन लूटे थे। कई मामलों में पुलिस ने एफआइआर दर्ज नहीं की थी। आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने यशवंत पुत्र समरुलाल जाटव निवासी गुरुनानक नगर खजराना की शिकायत पर लूट का केस दर्ज किया गया। आरोपितों ने यशवंत से 25 मार्च को वैलोसिटी के समीप फोन लूटा था। उसने बाइक के नंबर भी बताए लेकिन पुलिस ने एफआइआर दर्ज नहीं की।

# कुक और सिपाही में विवाद, मारपीट

**इंदौर।** संयोगितागंज इलाके के रेसीडेंसी कोठी एरिया में एक सिपाही और कुक के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि कुक ने सिपाही की पिटाई कर डाली। बताया जा रहा है कुक नशे की हालत में था। संयोगितागंज पुलिस ने बताया कि सरकारी रेसीडेंसी कोठी में बीती रात झगड़ा हुआ। आरोपी का नाम उपेंद्र सिंह निवासी शिवपुरी हाल मुकाम रेसीडेंसी कोठी है। उसके खिलाफ आरक्षक शिवप्रसाद सर्वे निवासी 15वीं बटालियन हालमुकाम रेसीडेंसी कोठी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी नशे की हालत में था। बिना वजह ही उसने विवाद शुरू किया, फरियादी सिपाही को गालियां दी और उसके बाद मारपीट कर डाली।

# युवती ने की कॉलेज दोस्त की शिकायत

### आरोपी ऑफिस से हाथ पकड़कर घसीटते हुए ले गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। युवती के साथ उसके कॉलेज के दोस्त ने ऑफिस में बदतमीजी की। युवती को गालियां देने के साथ ही जान से मारने की धमकी तक दे डाली। मामले में पीड़िता थाने पहुंची और आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।**

विजयनगर थाना पुलिस ने 26 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अर्जुन उर्फ बादल खरे निवासी लवकुश आवास विहार के खिलाफ धारा 354,354ए, 294,506 में केस दर्ज किया है। घटना जनता पाईल्स ऑफिस सत्यसांई चौराहे के पास की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके कॉलेज के दोस्त अर्जुन से पहले उसकी बातचीत थी। अब उसकी बातचीत नहीं है। अर्जुन शुक्रवार 12 अप्रैल को पीड़िता के ऑफिस आया। उसका फोन लेने लगा। फोन नहीं देने पर उसके पीड़िता को गालियां दी और हाथ पकड़कर घसीटते हुए बाहर ले गया। पीड़िता को धमकी दी कि उसने आरोपी युवक के माता-पिता को कुछ बताया तो वो उसे मार देगा।

# पैदल बात करते जा रहे युवक से मोबाइल छीना

### गाड़ी नंबर के आधार पर बदमाशों की तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पैदल मोबाइल पर बात करते जा रहे युवक से दो बाइक सवारों ने मोबाइल छीन लिया। युवक कुछ समझ पाता इससे पहले बदमाश भाग गए। गाड़ी नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। खजराना थाना पुलिस ने फरियादी यशवंत जाटव 23 साल निवासी गुरु नानक नगर खजराना की शिकायत पर बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना वेलोसिटी टॉकीज के पीछे खाली मैदान की बाउंड्रीवॉल के पास की है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वो पैदल मोबाइल पर बात करते हुए जा रहा था। तभी बाइक सवार दो युवक आए और उसका मोबाइल छीनकर भाग गए।

# दुर्गा सप्तशती के पाठ से माँ की आराधना

इंदौर। नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में चैत्र नवरात्रि का पर्व श्रध्दा और भक्ति से मनाया जा रहा है। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि मन्दिर में माँ सरस्वती, माँ लक्ष्मी और माँ काली की सुंदर प्रतिमा का श्रृंगार किया जाता है। माँ को नई चुनरी ओढा कर पूजा अर्चना की जाती है। प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती का पाठ होता है। समापन हवन से होगा।

# प्लाट के नाम पर धोखाधड़ी, पति-पत्नी गिरफ्तार

### महिला को जेल भेजा, पति को लिया रिमांड पर, साथी की तलाश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्लाट के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले दंपति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें महिला को जेल भेज दिया गया, जबकि पति को रिमांड पर लिया है। आरोपियों ने लोगों को सस्ते और आसान किस्तों में प्लाट बताकर रुपए ले लिए थे। मामले में पुलिस इनके पार्टनर की तलाश कर** रही है।

मामला बाणगंगा इलाके का है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी योगेंद्र विश्वकर्मा और उसकी पत्नी नेहा विश्वकर्मा निवासी लोटस पार्क कालोनी है। योगेंद्र की रियल एस्टेट कंपनी है और सांवेर रोड़ की कालोनियों में प्लाट बेचने व खरीदने का काम करता है। आरोपी ने लोटस पार्क कालोनी में लोगों को सस्ते और आसान किस्तों में प्लाट बताए और लाखों रुपये ले लिए। पुलिस ने योगेंद्र के विरुद्ध तीन एफआइआर दर्ज की। आखिरी केस गुरुवार रात मनोज कुमार साहू निवासी मंगलबारा बाजार बाड़ी जिला रायसेन की शिकायत पर दर्ज हुआ। पुलिस ने देर रात योगेंद्र और नेहा को पकड़ लिया, लेकिन सहयोगी महेश पटेल फरार हो गया। टीआइ के मुताबिक, योगेंद्र ने करीब 10 लोगों से चार करोड़ रुपए ठगना स्वीकारा है।

# जीपीएस से बाइक चोरों का पीछा किया तो गाड़ी छोड़ भागे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बिजली नगर में मेन गेट का ताला तोडक़र चोर बाइक चुराकर फरार हो गए। बाइक चोरी का पता लगते ही पीडित और उसके दोस्तों ने जीपीएस सिस्टम के जरिए चोरों का पीछा किया तो करीब 30 किमी दूर बाइक झाडियो में फैंक कर चले गए। रोहित बारुपाल के मुताबिक उसके घर से तीन बार बाइक चोरी हो चुकी है। उसके बाद दोस्त के कहने पर उसने अपनी बाइक में जीपीएस सिस्टम लगवा लिया है। तीन नकाबपोश उसकी बाइक चुराकर ले गए। खटपट की आवाज सुनकर पड़ोसी जाग गए। उसके बाद रोहित को बताया तो रोहित ने दरवाजा खोलने की कोशिश की तो वह बाहर से बंद मिला। पड़ोसियों से दरवाजा खोला उसके बाद बाइक में लगे जीपीएस सिस्टम के सहारे बाइक चोरों का पीछा किया तो करीब 30 किमी दूर चंदननगर इलाके में वे दिखे। उसके बाद उन्होंने पथराव किया और पकड़े जाने के डर से बाइक झाडि?ें में छोडक़र फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

# जिले में खुलेंगे सात नए सीएम राइज स्कूल

### 15 से 20 लाख रुपये की अनुदान राशि मिलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिले में सात स्कूलों को सीएम राइज में बदला गया है। अब इन स्कूलों को सीएम राइज की तर्ज पर सर्वसुविधा युक्त बनाया जाएगा। इन स्कूलों में एक शहरी क्षेत्र तो अन्य छह ग्रामीण क्षेत्र के हैं। जून तक इन स्कूलों को सीएम राइज की तर्ज पर सुविधाएं मिलना शुरू हो जाएंगी।

जिले में 11 सीएम राइज स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। इनमें हाईटेक क्लास रूम, विशेषज्ञ शिक्षक, आधुनिक लैब सहित कई सुविधाएं दी जा रही हैं। इस शिक्षा सत्र से स्कूलों में बस सेवा भी शुरू होने जा रही है। जानकारी के अनुसार, स्कूली शिक्षा विभाग ने मार्च में आदेश जारी कर जिले के सात स्कूलों को सीएम राइज स्कूल में बदलने का निर्णय लिया है। इसमें अहिल्याश्रम क्र.-2, उमावि गौतमपुरा, उमावि बालक राऊ, हाईस्कूल मेण, उन्नत मिडिल स्कूल मानपुर, हाई स्कूल बरलई और उमावि चंद्रावतीगंज को शामिल किया गया है। विभाग के अफसरों ने बताया कि दूसरे चरण में शहरी क्षेत्र से सिर्फ अहिल्याश्रम क्र.-2 को ही शामिल किया गया है।

ये मिलेगी सुविधाएं- इन स्कूलों को सीएम राइज के रूप में इसी शिक्षा सत्र से शामिल कर लिया गया है। ऐसे में सबसे पहले रिक्त पदों पर नियुक्ति होगी। 15 से 20 लाख रुपये की अनुदान राशि मिलेगी, जिससे मूलभूत कार्य किए जाएंगे। संस्था में गार्ड, हाउस कीपिंग स्टाफ, आइसीटी लैब, संगीत टीचर आदि की नियुक्ति होगी।

# लोकसभा चुनाव- एक्टिव मोड में टीमें

## दिन रात हो रही चेकिंग, अवैध शराब, नकदी कर रहे जब्त

### गुंडे-बदमाशों की भी आई शामत, धरपकड़ जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। लोकसभा चुनाव के चलते पूरे प्रदेश में इन दिनों पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें एक्टिव मोड में है। इसके चलते जहां अवैध शराब और नकदी जब्त की जा रही है, वहीं गुंडे-बदमाशों की भी शामत इन दिनों आई हुई है। पुलिस इनकी धरपकड़ करने के साथ ही इनसे डोजियर भी भरवा रही है और इसका उल्लंघन करने पर जेल की सलाखों के पीछे धकेल रही है।**

अकेले भोपाल में ही देखा जाए तो आचार संहिता लगने के बाद अब 1.24 करोड़ रुपए की अवैध शराब और नकद राशि जब्त की जा चुकी है। इनमें 57 लाख की अवैध शराब और 59 लाख रुपए की नकदी भी शामिल हैं। नॉमिनेशन की प्रोसेस शुरू होते ही अब शहर के 21 पाइंट और 5 जिलों की 21 सीमाओं पर भी कड़ी चेकिंग शुरू हो गई है। दिन-रात टीमें अवैध शराब या ब्लैक मनी ले जाने वालों पर नजर रखेगी।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि अब तक 59 लाख 74 हजार रुपए नकद राशि, 57 लाख 59 हजार 855 रुपए कीमत की अवैध शराब और 6 लाख 18 हजार रुपए कीमत के अन्य नशीले पदार्थ भी जब्त किए गए हैं। जिला प्रशासन की टीमें, पुलिस और आबकारी विभाग ने यह कार्रवाई की है। आचार संहिता तक यह कार्रवाई जारी रहेगी।

#### बिना वजह नहीं रोका जाएगा

50 हजार रुपए या उससे अधिक नकदी लेकर चलने वालों पर टीमों की नजर रहेगी। ऐसे में अगर आपके पास नकदी का हिसाब-किताब नहीं है, तो टीम उसे जब्त कर लेगी। इसके बाद नोटिस के जवाब में संबंधित को तय समय सीमा में हिसाब-किताब देना होगा। यानी यह पैसा कहां से आया और कहां ले जाया जा रहा था। उस पैसे का सोर्स सबूतों के साथ बताना जरूरी होगा।

#### बिल रखना होगा साथ

सोना और चांदी के जेवर भी बिल के साथ रखना होगा। कलेक्टर सिंह ने बताया, बैंक के पैसे का निराकरण मौके पर ही करने के निर्देश दिए गए हैं। बैंक या उससे जुड़े लोगों को बिना वजह नहीं रोकने को कहा गया है।

#### इसलिए कार्रवाई

नॉमिनेशन की प्रोसेस शुक्रवार से शुरू हो गई। इसके साथ ही टीमें एक्टिव मोड में आ गई है। अब भोपाल से जुड़े 5 जिले- रायसेन, विदिशा, सीहोर, राजगढ़ और गुना जिलों की 19 सीमाओं पर भी टीमें तैनात रहेंगी।

चुनाव के दौरान बड़ी मात्रा में ब्लैक मनी का उपयोग होने की आशंका रहती है। इस कारण इस दौरान नकदी पर ज्यादा नजर रखी जाएगी।

अफसरों का कहना है कि चुनाव आयोग द्वारा लोगों को नकदी ले जाने या रखने से रोका नहीं गया है, उन्हें बस चैकिंग करने उसकी पूरी जानकारी उपलब्ध करना होता है। इससे जहां रुपयों के सोर्स का पता चलता है, वहीं राशि कहां खर्च होने वाली है, उसकी जानकारी भी मिलती है।

#### शहरी और 13 ग्रामीण सीमाएं

भोपाल से 5 जिलों की 19 सीमाएं लगती हैं। इनमें 6 सीमाएं शहरी क्षेत्र में हैं, जबकि 13 ग्रामीण क्षेत्रों में लगती हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान इन सीमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था और चेकिंग के लिए जिला प्रशासन ने पुलिस के साथ प्लान तैयार किया है। इस प्लान पर अब अमल भी किया जाने लगा है। टीमें तैनात हो गई हैं।

# बेटी की शादी नहीं कराने पर गोली मारकर हत्या

## बेटे से दूसरी शादी कराना चाहता था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

गुना। गुना में बेटी की शादी नहीं कराने पर एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी। फायरिंग में उसकी बेटी भी घायल हो गई। हत्या का आरोप मृतक के बड़े भाई के समधी पर है। आरोपी अपने बेटे की दूसरी शादी मृतक की बेटी से कराना चाहता था। इससे इनकार करने पर उसने इस वारदात को अंजाम दिया। मामला जिले के गोपालगढ़ गांव में गुरुवार-शुक्रवार रात का है। पुलिस ने इस मामले में धनराज बंजारा को मुख्य आरोपी बनाया है। इसके अलावा परसा, रूपा बंजारा सहित सात-आठ अन्य पर भी केस दर्ज किया है।

#### बड़े भाई के घर पहुंचे, हमला नहीं कर सके

गोपालगढ़ गांव के रहने वाले भूरा (40) बंजारा गुरुवार रात घर पर सो रहे थे। आरोपी पहले भूरा के बड़े भाई के घर पहुंचे, लेकिन उन्हें पहले ही सूचना मिल गई थी। उन्होंने काफी लोगों को इकट्ठा कर लिया। इस कारण आरोपी उस पर हमला नहीं कर सके। इसके बाद आरोपी समधी और उसके साथी गांव से थोड़े बाहर रहने वाले भूरा के घर पहुंचे। वहां उन्होंने भूरा पर फायर कर दिया। उसे बचाने आई उसकी बेटी पिंकी पर भी फायरिंग की।

#### बड़े भाई की बेटी से हुई थी आरोपी के बेटे की पहली शादी

मृतक के बड़े भाई गंगा ने बताया कि उनके सबसे बड़े भाई दयाराम की बेटी की शादी आरोपी के बेटे से हुई थी। उसने दो बेटियों को जन्म दिया। उसे बेटा नहीं हो रहा था। इस कारण उसका पति और ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे। आरोपी भूरा की बेटी से उसके लड़के की शादी कराने का दबाव बना रहे थे। उनका कहना था कि जिस लड़की से शादी हुई, उसे बेटा नहीं हो रहा। इसलिए भूरा अपनी बेटी से उसकी शादी करा दे। भूरा ने भी उस लड़की को गोद लिया था।

# जिपं उपाध्यक्ष ने कमलनाथ को दिया झटका

## अमित सक्सेना ने भोपाल में मुख्यमंत्री के समक्ष ली बीजेपी की सदस्यता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छिंदवाड़ा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमित सक्सेना ने भोपाल में सीएम के समक्ष बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। छिंदवाड़ा ग्रामीण कांग्रेस में उनकी अच्छी पकड़ थी कमलनाथ के खास नेता समझे जाने वाले अमित सक्सेना के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में जाने के बाद कांग्रेस का समीकरण गड़बड़ा सकता है क्योंकि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छिंदवाड़ा में उनकी संगठनात्मक पकड़ थी।

अमित सक्सेना सर्वाधिक वोटो से जीतने वाले जिला पंचायत सदस्य ऐसे में अमित सक्सेना के बीजेपी में जाने के बाद अब जिला पंचायत में भी कांग्रेस हिट विकेट हो गई है। गौरतलब हो कि अमित सक्सेना ने चर्चा करते हुए बताया कि कांग्रेस के द्वारा राम मंदिर का न्योता ठुकराया गया था जिससे वह आहत थे ऐसे में उन्होंने आज भाजपा की सदस्यता ली। गौरतलब हो की एक दिन पहले अमित सक्सेना की ज्वाइनिंग होने वाली थी, लेकिन सीएम की व्यवस्था के चलते उन्होंने शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान नरोत्तम मिश्रा के समक्ष बीजेपी की सदस्यता ली।

# गंभीर बांध पर बन रहा दूसरा इंटकवेल

## दो जिलों के 914 गांवों के लोगों को मिलेगा नर्मदा का पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। शहर में जलापूर्ति के मुख्य केंद्र गंभीर बांध के जल भंडारण क्षेत्र में जल निगम द्वारा दूसरा इंटकवेल बनाया जा रहा है। निर्माण स्वरूप चिन्हित स्थल पर मिट्टी डाल सतह ऊंची की जा रही है,ताकि गंभीर बांध का पानी निर्माण कार्य में बांधा न बने।**

इस इंटकवेल में पाइप लाइन के माध्यम से नर्मदा नदी का पानी भरकर पाइप लाइन के माध्यम से 914 गांवों उज्जैन जिले के 830 और इंदौर-देपालपुर के 84 गांव के हर घर तक पानी पहुंचाया जाएगा। यह काम 1 हजार 462 करोड़ रुपये की लागत से होगा। इंटकवेल 20 मीटर गहरा,14 मीटर व्यास का बनेगा। पानी की शुद्धता के लिए फिल्टर प्लांट उन्हेल रोड पर घट्टिया विकास खंड के गांव झिरन्या में बन रहा है। 1,462 करोड़ रुपये का ये काम जल निगम करवा रहा है,जिसका भूमि पूजन 22.50 प्रतिशत काम होने के बाद 29 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। परियोजना का काम सितंबर 2023 में शुरू हो गया था। इंटकवेल में नर्मदा का पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन चिंतामन गणेश से गंभीर बांध तक बिछाई जाएगी। इस पाइप लाइन का टी-कनेक्शन 1,856 करोड़ रुपये की नर्मदा-शिप्रा बहुउद्धेशीय परियोजना अंतर्गत बिछाई पाइप लाइन से होगा। जल निगम ने परियोजना पूर्ण करने की समय सीमा सात नवंबर 2025 निर्धारित कर रखी है। 354 गांवों में पाइप लाइन बिछाकर,टंकी बनाकर प्रत्येक व्यक्ति के घरों तक पानी पहुंचाया जाएगा। शेष गांवों में ग्रा.लो.स्वा.यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित पानी की टंकियों को नर्मदा जल से भर कर घर-घर पानी पहुंचाया जाएगा। इंदौर के देपालपुर विकास खंड के 82, सांवेर विकासखंड के दो, उज्जैन विकास खंड के 131, घट्टिया विकास खंड के 128, तराना विकास खंड के 206, बड़नगर विकास खंड के 189, खाचरौद विकास खंड के 176 गांव जल निगम की इस योजना से लाभांवित होंगे। ये देश की ऐसी पहली नदी जोड़ो परियोजना है,जिसमें नर्मदा का पानी दो जिलों के गांवों तक घरेलू उपयोग के लिए पहुंचेगा।

# स्वर्ण रेखा नदी मामले में हाईकोर्ट की अफसरों को फटकार,

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** चर्चित स्वर्ण रेखा नदी के जीर्णोद्धार को लेकर हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने एक बार फिर अधिकारियों के रवैये पर नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट ने कहा है कि आदतों में सुधार नहीं किया, तो यह मामला सीबीआई को सौंप दिया जाएगा। हाईकोर्ट ने सोमवार तक स्वर्ण रेखा के जीर्णोद्धार, ट्रंक लाइन बिछाने, कचरा प्रबंधन कलेक्शन, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए सरकार से मिली राशि और खर्च का ब्यौरा मांगा है। कोर्ट ने अधिकारियों से कहा है कि आप अमृत काल के नाम पर कोर्ट को भी गुमराह करने से बाज नहीं आए।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दो छात्रों को रौंदा

जबलपुर। तिलवारा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सड़क पार कर रहे दो छात्रों को रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके दो साथी बाल-बाल बच गए। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे रमनगरा के पास हुआ। चारों छात्र स्कूल से रमनगरा स्थित घर जा रहे थे।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुमताज खान ने दिया इस्तीफा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा।** रायसेन कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुमताज खान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सदस्यता दिलाई। उनके साथ शहर ब्लॉक संगठन मंत्री गुड्डा बघेल ने भी भाजपा का दामन थामा। संदीप मालवीय ने बताया कि लगातार 15 सालों से कांग्रेस पार्टी द्वारा उनके साथ उपेक्षा की गई।

# पुलिस वाहन ने वृद्ध को कुचला, मौत

## गुस्साई भीड़ ने पुलिस वाहन के कांच फोड़े, चक्काजाम किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** इंदौर रोड़ पर फिर एक दुर्घटना में वृद्ध की मौत हो गई। मेघदूत होटल के सामने मुल्जिम पेशी के लिए इंदौर जा रहे पुलिस वाहन ने सामने से अपने दोपहिया वाहन पर आ रहे वृद्ध को जोरदार टक्कर मारी और 80 फीट तक घसीटते ले गया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस वाहन के कांच फोड़ दिए। दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने इंदौर रोड़ पर चक्काजाम कर दिया। पुलिस के बोलेरो वाहन में वृद्ध के शव को जिला अस्पताल पहुंचाया।

नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि मदनलाल परमार पिता भेरूलाल निवासी ग्राम डेंडिया पंचायत कर्मचारी था और गांव में पेयजल प्रदाय की टंकी भरने का काम देखता था। मदनलाल की मेघदूत होटल के सामने चाय की दुकान भी है। शुक्रवार को सुबह वह चाय की दुकान पर गया था और छोटे पुत्र अर्जुन के दुकान पर आने के बाद वह अपने वाहन से घर के लिए निकला तो करीब 9.30 बजे सामने से आ रहे पुलिस वाहन ने मदनलाल के वाहन को जोरदार टक्कर मारी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि मदनलाल वाहन में फंस गया और तेज रफ्तार पुलिस वाहन उसे करीब 80 फीट तक खींच कर ले जाने के बाद रुका। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बोलेरो वाहन से मौके पर पहुंची। मदनलाल के शव को बोलेरो वाहन में रख कर जिला अस्पताल पहुंचाया,जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद शव को पीएम रूम में पहुंचाया। दुर्घटना के बाद गुस्साएं लोगों ने पुलिस वाहन पर पथराव कर कांच फोड़ दिए और चक्काजाम कर दिया। लोगों का कहना था कि यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती है। स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि मदनलाल अपने वाहन से धीमी गति से ही चल रहे थे लेकिन सामने से आ रहा पुलिस वाहन अत्यधिक तेज गति से दौड़ रहा था।

## संपादकीय

# ...तो महिला शक्ति और उसके सम्मान की आकांक्षा भला कहां तक पूरी हो पाएगी

यह चिंता का विषय है कि आखिर राजनीति में भाषा की मर्यादा इतनी धुंधली क्यों होती जा रही है कि राजनेता संसद और विधानसभाओं से लेकर सार्वजनिक मंचों तक पर बेलगाम कुछ भी बोलने में संकोच नहीं करते। महिलाओं के प्रति हमारे पुरुष प्रधान समाज का नजरिया किसी से छिपा नहीं है। मगर जिन पर समाज और व्यवस्था की विसंगतियां दूर करने की जिम्मेदारी है, अगर वे भी उसी संकीर्ण मानसिकता से ग्रस्त हों, तो महिला शक्ति और उसके सम्मान की आकांक्षा भला कहां तक पूरी हो पाएगी। महिलाओं को लेकर खुद राजनेताओं में जैसा संकुचित दृष्टिकोण देखा जाता है, उससे संदेह होता है कि उन्हें वास्तव में कितनी शक्ति और कितना सम्मान मिल पाएगा। चुनावी गहमागहमी में राजनेता अक्सर प्रतिद्वंद्वी नेताओं पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने से भी परहेज नहीं करते। वे भूल जाते हैं कि किसी महिला के बारे में अशोभन टिप्पणी करने से बचना चाहिए। ममता बनर्जी, हेमा मालिनी और कंगना रनौत पर की गई टिप्पणियां इसका ताजा उदाहरण हैं। इसके पहले भी कई चुनाव अभियानों के दौरान विभिन्न पार्टियों के जिम्मेदार माने जाने वाले नेताओं की तरफ से प्रतिद्वंद्वी पार्टी की महिला उम्मीदवारों और नेताओं पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों और लहजों को याद किया जा सकता है। चुनाव के अलावा, सामान्य अवसरों पर भी, महिला नेताओं के खिलाफ कई बार अशोभन वक्तव्य सुने गए हैं। लोकतंत्र में राजनेता अपने प्रतिद्वंद्वी पर तीखी टिप्पणियां कर सकते हैं, मगर इसका यह अर्थ नहीं कि लोकतंत्र की मर्यादा को ताक पर रख दिया जाए। राजनीति में सार्वजनिक वक्तव्यों का महत्त्व होता है। अगर कोई बड़ा नेता अपने किसी प्रतिद्वंद्वी के बारे में टिप्पणी करता है, तो निचली कतार के नेता उसे आगे बढ़ाते हैं। इसलिए उनसे न केवल शब्दों के चुनाव, बल्कि लहजे पर लगाम की भी अपेक्षा की जाती है। राजनीति में भाषा एक बड़ा औजार होता है। अगर उसे ठीक से बरतना न आए, तो कई बार खुद को भी जख्मी कर लेने का खतरा रहता है। किसी महिला के प्रति अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल तो यह भी जाहिर करता है कि टिप्पणी करने वाले का महिला समाज के प्रति दृष्टिकोण क्या है। संसद में महिला आरक्षण को लेकर चली बहसों के समय की कुछ टिप्पणियों की गूंज आज तक इसीलिए बनी हुई है कि उनसे पूरे महिला समाज के सम्मान पर प्रश्नचिह्न लगा था। राजनीतिक दलों की अगली कतार में सामान्य महिलाओं की उपस्थिति वैसे भी न के बराबर है। ऐसे में महिलाओं के प्रति दुराग्रहपूर्ण टिप्पणियां इस विडंबना को और गहरा करती हैं।




**हाफिज नूरानी, शेखचिल्ली के पुराने मित्र थे। नारनौल कस्बे में उनका अच्छा व्यापार था। लेकिन, उनकी बीवी नहीं थी, वे अपनी बड़ी हवेली में बेटे-बहू के साथ रहते थे। बेटे का ब्याह हुए सात साल बीत गए थे, लेकिन उसकी कोई संतान नहीं थी। हाफिज साहब को हमेशा यही फिक्र लगी रहती थी कि खानदान कैसे आगे बढ़ेगा।**

एक रोज उन्होंने शेखचिल्ली को एक खत लिखा और उससे इस मामले में राय मांगी। शेखचिल्ली कुरुक्षेत्र के पीर बाबा का मुरीद था और कोसों दूर रहने के बावजूद वो समय निकालकर बीच-बीच में वहां आते-जाते रहता था। एक दिन वह हाफिज नूरानी के बेटे-बहू को अपने साथ पीर बाबा के पास ले गया। वहां पीर बाबा ने मंत्र फूंका और बहू को पानी पिलाया और साथ ही एक ताबीज उसकी बाजू पर बांध दिया। इसके बाद पीर बाबा बोले, 'अल्हा ने चाहा, तो इस साल आपकी मुराद जरूर पूरी होगी।'

पीर बाबा के ताबीज का असर हुआ और एक साल के अंदर ही बहु के बेटा हुआ और हाफिज नूरानी दादा बन गए। देखते ही देखते हाफिज साहब का आंगन खुशियों से भर गया। इस खुशी को मनाने के लिए जश्न का आयोजन किया गया और शेखचिल्ली को खास न्यौता भेजा गया। न्यौता पाकर शेखचिल्ली बहुत खुश हुआ और उसने अपनी बेगम को जल्दी तैयारी करने के लिए कहा। बेगम झटक कर बोल पड़ी, 'क्या खाक तैयारी करूं, न पहने को कुछ है और न ही ओढ़ने को कुछ। इस हालत में गई, तो जग हंसाई हो जाएगी।

बेगम की बात सच थी, इसलिए शेखचिल्ली खामोश हो गया। वो जानता था कि हाफिज साहब नारनौल के बड़े आदमी हैं और उनके यहां जश्न बड़ा होता है। ऐसे में शेखचिल्ली कुछ तरकीब सोचने लगा।

नवाब साहब का धोबी शेखचिल्ली की काफी सुनता था। कुछ ही दिन पहले उसने नवाब के गुस्से से उसे बचाया था और उसने शेखचिल्ली से कहा था कि वक्त आने पर वो उसके लिए जान तक दे देगा। यह घटना याद आते ही शेखचिल्ली उसके पास गया और उसने अपने लिए और बेगम के लिए कुछ नए कपड़े मांगे। शेखचिल्ली ने धोबी से कहा कि नारनौल से वापस लौटते ही मैं कपड़े तुम्हें वापस दे दूंगा। धोबी घबरा गया, लेकिन वह वादा कर चुका था। किसी तरह जी कड़ा करके उसने शेखचिल्ली को कपड़े दिए और बोला, 'ये कपड़े नवाब और उनकी भांजी के हैं। सही-सलामत वापस कर देना।' शेखचिल्ली ने हां में जवाब दिया और कपड़े लेकर घर लौट आया।

बेगम ने कपड़े देखे, तो बहुत खुश हुई। बेगम बोली, 'कपड़े मिल गए, लेकिन जूते-चप्पलों का इंतजाम कैसे होगा?' नारनौल पैदल तो जाएंगे नहीं। सवारी का क्या होगा? शेखचिल्ली मोची के पास पहुंचा। वो मोची से बोला कि मेरे लिए और बेगम के लिए जूतियां चाहिए। मोची ने कई जूतियां दिखाई। शेखचिल्ली ने सबसे कीमती जूतियां पसंद कर ली। उसने कहा, 'एक बार बेगम को दिखा लाता हूं, तब खरीदूंगा।' मोची मान गया। शेखचिल्ली जूतियां लेकर घर आ गया। अब केवल सवारी का इंतजाम बाकी था।

इलाके में सबसे अच्छी घोड़ा-गाड़ी घनश्याम के पास थी। वह उसे किराए पर भी देता था। शेखचिल्ली उसके पास जा पहुंचा और बोला, मुझे नवाब साहब के किसी काम के लिए नारनौल जाना है। नवाब साहब की बग्घी का एक घोड़ा बीमार हो गया है, इसलिए अपनी घोड़ा-गाड़ी मुझे दे दो। किराया मैं नवाब साहब से दिलवा दूगां। घनश्याम ने लालच में आकर घोड़ा-गाड़ी उसके हवाले कर दी। घर पहुंचकर शेखचिल्ली ने बेगम को उठाया और नारनौल के लिए निकल पड़ा।

नारनौल उस वक्त एक कस्बा था। शाही ठाठ-बाट के साथ शेखचिल्ली और उसकी बेगम वहां पहुंचे। उन्हें देखते ही इलाके में हलचल मच गई। दूर-दूर तक उनकी अमीरी के चर्चे गुंजने लगे। जश्न में वे पहले मेहमान थे, इसलिए उनकी खूब खातिरदारी हुई। वहां उसे जाफरानी तम्बाकू वाला हुक्का पेश किया गया। शेखचिल्ली यूं तो हुक्का पीना बहुत पहले ही छोड़ चुका था, लेकिन यहां मुफ्त का हुक्का पाकर वह भी कश पर कश लगाने लगा।

तभी जश्न के मजे पर पानी फिर गया। हाफिज नूरानी के कुछ दोस्त नवाब के घराने से जुड़े थे। हाफिज ने उन्हें शेखचिल्ली से मिलवाया। उन्होंने शेखचिल्ली के कपड़े पहचान लिए। लेकिन, उस वक्त किसी ने कुछ कहा नहीं पर शेखचिल्ली उनके बर्ताव से भांप गया था कि उसकी पोल खुल चुकी है। धीरे-धीरे पूरे इलाके में फुसफुसाहट होने लगी, जिसकी भनक शेखचिल्ली को भी लगी। बस हुक्का पकड़े-पकड़े भागे बेगम को खोजने। बेगम के मिलते ही बोले, 'जल्द सामान बांधों और यहां से निकलो। कपड़ों की पोल खुल चुकी है। कहीं धोबी के साथ-साथ हम भी न रगड़े जाएं।'

किसी तरह शेखचिल्ली और उसकी बेगम जश्न के बीच से जान बचाकर निकले और नारनौल के बाहर आकर ही दम लिया। तभी बेगम तुनककर बोल पड़ी, 'सत्यानाश हो उन निगोड़ों का जिन्होंने हमारे कपड़े पहचाने। अच्छा भला हम जश्न मना रहे थे, लेकिन सारा मजा किरकिरा हो गया।' तभी उसका ध्यान शाही हुक्के पर गया, जिसे शेखचिल्ली ने हाथ में पकड़ा हुआ था। बेगम बोली, 'यह हुक्का क्यों उठा लाए? नूरानी भाई इसे खोजते हुए बेकार हाय-तौबा मचाएंगे।' लेकिन, शेखचिल्ली तो इतने गुस्से में था, जैसे अभी उन लोगों को मार खाएगा। बेगम की बात सुनते ही वो बोल पड़ा, 'मेरा बस चले, तो मैं अभी के अभी उन सभी को फांसी पर चढ़ा दूं। भला नवाबों के कपड़ों में क्या नाम लिखा होता है, जो वैसे कपड़े कोई और नहीं पहन सकता।'

शेखचिल्ली बोला, 'काश मुझ पर अल्लाह का थोड़ा रहम हो जाए, तो मैं इन सब को देख लूंगा। सबसे पहले नूरानी के जश्न में जाऊंगा और उन कमबख्तों को ऐसी नजर से देखूंगा कि वे सिर से पांव तक शोला बन जाएंगे। इधर-उधर भागते फिरेंगे और शोर मच जाएगा। दूसरे लोग उनसे बचते फिरेंगे और उन पर पानी डालेंगे।' इतने में बेगम बोल पड़ी, 'अगर वे भागते-भागते जनानखाने में जा घुसे, तो क्या होगा? वहां भी भगदड़ मच जाएगी। औरतें अपने को छिपाती फिरेंगी। बेगम तो चल फिर भी नहीं पाएंगी। ऐसे में उनकी जान कैसे बचेगी। देखते ही देखते वहां सब कुछ खाक हो जाएगा।' दोनों इतना सोच ही रहे थे तभी हुक्का हाथ से छूट कर गिर गया। देखते ही देखते घोड़ा-गाड़ी में धुंआ भर गया। साथ ही धोबी से उधार मांगे कपड़ों में से भी चिंगारियां उठने लगी।

### कहानी से सीख

हमें अपनी असल पहचान से नहीं भागना चाहिए और दिखावे की जिंदगी से दूर रहना चाहिए।

## Bihar

# 1 करोड़ नौकरियां और 2024 के लिए 24 वचन, RJD के 'परिवर्तन पत्र' में तेजस्वी ने किए ये वादे

**पटना.** देश में हो रहे लोकसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग से 6 दिन पहले लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है जिसे 'परिवर्तन पत्र' का नाम दिया गया है. इसे पूर्व डिप्टी सीएम और लालू यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने लॉन्च किया.

इस परिवर्तन पत्र में सबसे बड़ा दावा सरकारी नौकरियों को लेकर किया गया है. तेजस्वी यादव ने ऐलान किया है कि अगर देश में इंडी एलायंस की सरकार बनेगी तो एक करोड़ लोगों को नौकरी दी जाएगी.

इसको लेकर तेजस्वी यादव ने कहा, 'अगर हमारा गठबंधन सत्ता में आया तो हम देश भर में एक करोड़



युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे, आज बेरोजगारी हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है और बीजेपी के लोगों ने इस बारे में बात नहीं करते हैं, उन्होंने 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था लेकिन हम जो कहते हैं वह करते हैं और 1 करोड़ नौकरियां देंगे.'

इतना ही नहीं तेजस्वी यादव ने कहा कि हम पुरानी पेंशन योजना वापस लाएंगे और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाएंगे. उन्होंने बिहार को स्पेशल पैकेज दिलाने का भी परिवर्तन पत्र में वादा किया है.

प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा पत्र को जारी करते हुए आरजेडी की तरफ से कहा गया, हमने आज परिवर्तन पत्र जारी किया है, हम 2024 के चुनावों के लिए 24 वचन लेकर आए हैं. बिहार के विकास के लिए आज हम जो भी वादा करेंगे उसे पूरा करेंगे.

## Jammu

# तस्करों के वाहनों से और 1.5KG हेरोइन बरामद, आरोपियों से पूछताछ के बाद हो सकती हैं कुछ और गिरफ्तारियां



**राजोरी, (एजेंसी)** जिले की नौशेरा सब डिवीजन के मकड़ी क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पार से आई हेरोइन की खेप के साथ पकड़े गए तीन कुख्यात तस्करों के वाहनों की जांच करने पर पुलिस ने डेढ़ किलो और हेरोइन बरामद की है। अब जब्त की गई हेरोइन की मात्रा 10 किलोग्राम हो गई है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 40 करोड़ से भी अधिक बताई जा रही है।

पुलिस ने बताया कि जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने तीनों तस्करों से उनके वाहनों के बारे में जानकारी हासिल की और उन तीनों के वाहनों टाटा बोलेरो, एक टिप्पर और एक कार को जब्त किया और उनकी तलाशी के दौरान डेढ़ किलोग्राम और हेरोइन जब्त की गई। उधर पुलिस की गिरफ्तारी से फरार चौथा नाबालिग तस्कर शुभम समयाल अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है, जबकि पुलिस ने उसकी धर पकड़ के लिए कई संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की है।

गौरतलब है कि नौशेरा के बड़ी मकड़ी क्षेत्र में वीडीसी सदस्य और गांव के अन्य लोगों ने निगरानी के दौरान तीन कुख्यात तस्करों को पकड़ा था और उनके कब्जे से साढ़े 8 किलोग्राम हेरोइन बरामद करके पुलिस और सेना के हवाले किया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए तीनों तस्करों से कड़ी पूछताछ जारी है और बहुत जल्द उनके खुलासे पर कुछ और गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। इसमें जम्मू कश्मीर और कुछ बाहरी राज्य के तस्कर भी शामिल हैं।

## New Delhi

# सड़क पर जा रहे युवक को पॉइंट ब्लैंक रेंज से मारी गोली, CCTV में कैद हुई खौफनाक घटना

**नई दिल्ली, (एजेंसी) राजधानी दिल्ली (Delhi) के सीलमपुर में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां कल 12 अप्रैल को सड़क पर जा रहे एक युवक के सिर में प्वाइंट ब्लैंक रेंज (point blank range) से गोली मार दी गई. इस घटना का नया सीसीटीवी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि युवक के ठीक पीछे से आरोपी ने सरेआम सिर में पिस्टल सटाकर गोली मारी थी. युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**

जानकारी के अनुसार, यह घटना सीलमपुर में कल 12 अप्रैल को दिन में 11:34 बजे की है. यहां 35 वर्षीय शाहनवाज ई ब्लॉक कबाड़ी मार्केट में सड़क पर जा रहा था. वह न्यू सीलमपुर दिल्ली का रहने वाला है. वह झूला का काम करता है. शाहनवाज सड़क पर जा रहा था, तभी एक युवक ने पीछे से पॉइंट ब्लैंक रेंज से गोली मार दी और फरार हो गया.

## Uttarpradesh

# शादी करने के लिए रची साजिश, घर वालों को बिना कपड़ों के भिजवाई फोटो, राज खुला तो उड़े होश

**भमोरा, (एजेंसी) बरेली के भमोरा में फोन पर आई कॉल के बाद से गायब 12 वीं का छात्र संतोष कुमार दूसरे दिन पुलिस को बेहोश एवं चोटिल अवस्था में बभियाना रेलवे स्टेशन पर मिला। परिजनों ने उसके अपहरण की आशंका जताई थी। हालांकि पुलिस ने दो युवकों से पूछताछ की। प्राथमिक जांच में पुलिस को प्रेम प्रसंग की कहानी पता चला। संतोष के शरीर पर चोट के भी निशान मिले हैं। होश आने पर संतोष ही जानकारी देगा। उसे परिवार के सुपुर्द कर दिया गया है।**

गांव भोलापुर के दीनानाथ राजपूत की पत्नी सोमवती ने बताया, गुरुवार रात आठ बजे उनके बेटे संतोष कुमार के पास के किसी का फोन आया। संतोष ने 12 वीं की परीक्षा दी है। फोन रिसीव करने के बाद संतोष घर से चला गया। पूरी रात बीत गई संतोष नहीं लौटा। उसका फोन भी बंद था। सोमवती ने परिवार वालों को जानकारी दी। पूरी रात संतोष के चचेरे भाई वेद प्रकाश राजपूत व राजेश आदि खोजबीन में लगे रहे। दोपहर बाद उसके चचेरे भाई वेद प्रकाश के मोबाइल पर किसी ने मैसेज किया और फोटो भेजा। जिसमें संतोष के शरीर पर चोट के निशान थे और नग्न अवस्था में था। मैसेज और फोटो देखकर परिवार वालों के होश उड़ गए। थानाध्यक्ष ट्रेनी आईपीएस ईशान सोनी ने जिससे मैसेज आया था, उस युवक को पकड़ा। बभियाना रेलवे स्टेशन से संतोष को पुलिस लेकर आई। पता चला संतोष का किसी युवती से प्रेम प्रसंग है। परिवार ने शादी करने से मना कर दिया तो अपहरण का नाटक दबाव बनाने के किया। सारी साजिश शादी करने के लिए रची गई थी और घर वालों को ब्लैकमेल करने के लिए फोटो भेजी थी।

## खेल

# पेरिस ओलंपिक से पहले भारतीय दल को झटका... मैरीकॉम ने छोड़ा ये बड़ा पद

**नई दिल्ली, (एजेंसी) पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले भारतीय दल को बड़ा झटका लगा है. छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम इस ओलंपिक के लिए भारत के अभियान प्रमुख (शेफ डी मिशन) के पद से हट गई हैं. मैरीकॉम ने निजी कारणों से पद छोड़ा है.**



मैरीकॉम ने कहा कि उनके पास अब कोई विकल्प नहीं है. शेफ डी मिशन किसी भी ओलंपिक में देश के दल का सबसे अहम प्रशासनिक सदस्य होता है. खिलाड़ियों से जुड़ी सभी सुविधाओं के इंतजाम की जिम्मेदारी उसी पर रहती है. किसी तरह की विवाद होने की स्थिति में भी खिलाड़ियों की तरफ से वह पक्ष रखता है.

मैरीकॉम ने भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) की अध्यक्ष पीटी उषा को पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से मुक्त करने के लिए कहा. मैरीकॉम ने पीटी उषा को लिखे पत्र में कहा, 'देश की किसी भी रूप में सेवा करना गर्व की बात है. मैं इसके लिए मानसिक रूप से तैयार थी. लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी. मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं.'

**पिछले महीने मैरीकॉम की हुई थी नियुक्ति-** 41 साल की मैरीकॉम ने कहा, 'इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं, लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है. मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई के लिए हमेशा रहूंगी.' आईओए ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का ऐलान किया था. लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय दल की अभियान प्रमुख होतीं.

पीटी उषा ने एक बयान में कहा, 'हमें दुख है कि ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज और आईओए एथलीट आयोग की प्रमुख मैरीकॉम निजी कारणों से पद से हट गई हैं. हम उनके फैसले और निजता का सम्मान करते हैं. उनके विकल्प के बारे में घोषणा जल्दी ही की जाएगी.'

पीटी उषा ने कहा, 'मैं उनके अनुरोध को समझती हूं और उनके फैसले का सम्मान करती हूं. मैंने उनसे कहा है कि आईओए और मेरा सहयोग हमेशा उनके साथ है. मैं सभी से उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं.'

## सिनेमा

# 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के एक और एक्टर ने शो को रातों-रात कहा अलविदा? नाम सुनकर फैंस को लगेगा तगड़ा झटका



'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो बीते कई सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो ने टीआरपी में भी अपनी अच्छी खासी पकड़ बना रखी है। लेकिन बीते काफी वक्त से असित मोदी का ये शो मनोरंजन के साथ कई विवादों में भी घिरता नजर आ रहा है। अब तक इस शो को कई मेन लीड कैरेक्टर ने अलविदा कह दिया है। ऐसे में अब इस शो को लेकर एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। इस शो के एक और कैरेक्टर ने शो को छोड़ दिया है। इसका नाम सुनकर आपको भी जोर का झटका लगने वाला है।

टेलीटाइम्स की इंस्टाग्राम पोस्ट के मुताबिक, 'असित मोदी के शो ' तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की नई सोनू यानी पलक सिंधवानी ने शो को अचानक ही छोड़ दिया है। पलक के इस फैसले के पीछे की वजह का अभी तक पता नहीं चला है। वहीं, मेकर्स की तरफ से और खुद पलक की तरफ से शो को छोड़ने वाली बात की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई। लेकिन अगर ये खबर सच होती है तो शो को एक और बड़ा झटका लगेगा। पलक को शो में सोनू के किरदार में दर्शक काफी पसंद करते हैं। ऐसे में सोनू के बिना टप्पू सेना काफी अधूरी नजर आएगी।

## Highlights

1. **2024 elections: will we see more women candidates contesting?**
2. **Bidar Receives First Rains of the Year**
3. **Bank FD: These banks are giving up to 7.75% interest on 1 year FD**
4. **PF Wage Limit Hike: Govt may hike wage limit under EPFO**
5. **President pays tribute to Jallianwala Bagh martyrs**
6. **5-yr-old girl raped & strangled to death in Goa's Vasco area**
7. **I was 8 weeks pregnant: Indian-origin woman who was wrongly jailed in UK 12 years ago**

# Centre expedites process of allocating licence to Elon Musk's Starlink ahead of his India visit: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** The Department of Telecommunications (DoT) has expedited the process of allocating the licence to billionaire Elon Musk's Starlink satellite unit ahead of his visit to India later this month. The DoT may issue a letter of intent (LoI) and trial spectrum to Starlink for satellite communications services, Moneycontrol reported.

According to a government official, the department is carrying out inter-ministerial discussions due to a security issue. Starlink, the satellite internet service of Elon Musk's SpaceX, provides high speed internet connections. The SpaceX founder will be in India on April 21 and 22, and will meet Prime Minister Narendra Modi as well as high-ranking government officials.

With a global mobile personal communication by satellite services (GMPCS) and a trial spectrum, Starlink could carry out a pilot of its services in the retail consumer space. The company would also require permission from the ministry of home affairs (MHA), law enforcement and security agencies as the Modi government has some security concerns, the report added.



Earlier, Starlink had issued clarification on its shareholding pattern to the government's Department for Promotion of Industry and Internal Trade (DPIIT). The Elon Musk-helmed firm had cited US regulations behind its inability to disclose all the ownership details, while declaring that it does not have investors from countries with which India shares land borders.

Last November, Bharti Group-backed satellite internet service conglomerate Eutelsat-OneWeb received trial satellite spectrum in both `Ka' and `Ku' bands for 90 days and has begun using demo airwaves to run the advanced trials with key customers.

# Vodafone Idea FPO announced: ₹18000 crore offer coming on this date

**NEW DEIHI, (Agency).** Beleaguered telecom company Vodafone Idea FPO has finally been announced and it has been pegged at ₹18,000 crore. This Vodafone Idea share sale is the biggest follow-on public offer ever. Considering its massive debt, the company needs to raise funds to stay alive. Vodafone Idea aka Vi is in the fight of its life as it battles fierce rivals Reliance Jio and Bharti Airtel for the vast Indian market.

So, what is the Vodafone Idea fund plan?

1. Target

* Vodafone Idea to raise up to ₹18,000 crore.

2. Share Sale Details



* Shares price band - ₹10-11 apiece.

* Important Dates - April 18 (offer opens) and April 22 (Offer closes).

3. Vi FPO Significance

* Till now Yes Bank's ₹15,000 crore sale in 2020 was the largest FPO ever.

* Funding to improve Vodafone Idea's position vis a vis rivals

4. Funds utilisation

* Boost 4G services and clear dues.

* 5G rollout.

5. Current Debt

* Debt of ₹2.1 lakh crore and quarterly losses.

6. Price Band and Bidding

* Floor price set at ₹10, cap at ₹11 per equity share.

* Minimum bid lot: 1,298 equity shares.

7. Preferential Issue

* Raised ₹2,075 crore from Aditya Birla Group earlier in April.

* Shareholders approved raising up to ₹20,000 crore in an EGM on April 2.

8. Future Fundraising

* Aim to raise ₹45,000 crore through equity and debt.

* Focus on ramping up network capex and narrowing gap with peers.

## सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

# 'सतर्क रहे - सजग रहे अभियान'

### को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित करने में अपना योगदान दीजिये ।

**हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकल्पित है...!**

**हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!**

**हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान के साथ सहयोग के लिए भी संकल्पित है...!**

**'मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि' की भावना वाली हमारी संवाद और सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े।**

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**

Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

Facebook
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

Instagram
https://www.instagram.com /detective_group_report

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 7312433667, 9826044334 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक